नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''

# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## जंगल धूसड़- गोरखपुर

स्थापित २००५ ई.

मो. : 7897475917, 9794299451

Website: www.mpm.edu.in

E-mail : mpmpg5@gmail.com

पत्रांक : ..................

दिनांक : 28.01.2019

# प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप पी0जी0 कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर में आज चौथे दिन के बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. वेद प्रकाश पाण्डेय जी ने शिविरार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अपनी योग्यता को पहचानते हुए अपनी कला को निखारना चाहिए। अपने संकल्पबद्धता से लक्ष्यबद्धता की ओर बढ़ना चाहिए। जीवन के हर क्षेत्र में संयमित होकर जीवन को जीना चाहिए। दिखावे की जिन्दगी से दूर रहते हुए यथार्थ के धरातल पर रहना चाहिए। स्वास्थ्य की प्रथमिकता ईमानदार जीवन शैली परिवार में भूमिका आदि जीवन के महत्वपूर्ण विषय को उन्होंने शिविरार्थियों के बीच उन्होंने रखा। पुरुषो को स्त्रियों का सम्मान, समानता का दर्जा तथा एक दूसरे से सामंजस्य बनाकर जीवन को भोगना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने छात्र जीवन की चार महत्वपूर्ण बातों– कम बोलना, ध्यानपूर्वक सुनना, जमीन से जुड़े रहना, तथा मन को नियन्त्रित रखना, जैसे उदाहरण देते हुए अतिथि के प्रति आभार ज्ञापित किया।

इस कार्यक्रम संचालन स्वयं सेवक श्री सत्यप्रकाश तिवारी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बृज भूषण लाल, श्री हरविन्द कुमार श्रीवास्तव तथा सभी शिविरार्थी सम्मिलित रहे।

(डॉ0 राजेश शुक्ल)
सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी